बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक : बु0वि0 / प0नि0कार्या0 / 2026 / 7883 दिनांक : 04 / 06 / 2026

कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या – बु0वि0 / प0नि0कार्या0 / 2026 / 7868, दिनांक– 27 / 05 / 2026 के माध्यम से राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–3019 / 32–जी0एस0 / 2020 दिनांकः 18 मई, 2021 तथा पत्र संख्या ई–4229 / जी0एस0 दिनांकः 02 जुलाई, 2021 के अनुपालन में विश्वविद्यालय के विज्ञापन संख्या–21 / 2025–26 एवं 22 / 2025–26 दिनांक 10 / 02 / 2026 द्वारा नियमित तथा स्ववित्तपोषित विभागों हेतु विज्ञापित सहायक आचार्य पदों हेतु भर्ती परीक्षा दिनांकः 11 जून, 2026 तथा 12 जून, 2026 को तीन पालियों (प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 10:00 बजे तक, द्वितीय पाली प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा तृतीय पाली अपराह्न 01:00 बजे से 02:00 बजे तक) में संलग्न परीक्षा कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय परिसर स्थित नवीन परीक्षा भवन में सम्पन्न कराई जाने की सूचना प्रदान की गई थी। साथ ही परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह अभ्यर्थी को अपने प्रवेश पत्र दिनांकः 04 जून, 2026 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करने के निर्देश प्रदान किए गए थे।

अतः उक्त सूचना के सम्बन्ध में आदेशानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व में निर्गत परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए पत्र के साथ संलग्न कर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम प्रेषित किया जा रहा है। अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर बने लिंक Current Openings तत्पश्चात् Apply Online पर क्लिक कर अपने–अपने लागिन के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यह भी कि परीक्षा से सम्बन्धित प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र में 40 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएगें। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा, कोई ऋणात्मक अंकन (Minus Marking) नहीं होगा। जो प्रश्न पत्र हिन्दी व अंग्रेजी में मुद्रित होंगे उनमें कोई विसंगति होने पर English version प्रामाणिक माना जाएगा। परीक्षोपरान्त प्रश्नपुस्तिका (Question Booklet) सम्बन्धित अभ्यर्थी से वापस ले ली जाएगी। ओ0एम0आर0 उत्तरपत्रक दो प्रतियों में होगा, जिसकी कार्बन कॉपी अभ्यर्थी को प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रश्नपुस्तिका व उत्तर पत्रक में अंकित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उक्तानुसार उक्त भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने का कष्ट करें। सम्बन्धित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

इस सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत पत्र को इस सीमा तक संशोधित समझा जाए।

संलग्नकः–यथोक्त।

(राजबहादुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1 सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक आज, हिन्दुस्तान में अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2 माननीय सदस्यगण, परीक्षा संचालन समिति।
3 उपकुलसचिव (प्रशासन) को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप को सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को उनके ईमेल / वाट्सएप पर प्रेषित कर दें।
4 डॉ0 दीपक तोमर एवं इं0 साबिर अली, सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर सेन्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
5 निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6 आशुलिपिक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक।

परीक्षा नियंत्रक

Bundelkhand University, Jhansi

Assistant Professor Recruitment Exam (Regular)-2026

Advertisement No- 21/2025-26

Exam Schedule

Sr. No.	Date-11/06/2026	Date-12/06/2026
	Timing (01:00P.M.–02:00P.M.)	Timing (01:00P.M.–02:00P.M.)
1	Hotel Management and Tourism	Banking, Economics and Finance
2	-	Mathematical Science and Computer Applications

04/6/26

Controller of Examinations

Bundelkhand University, Jhansi

Assistant Professor Recruitment Exam (SFS)-2026

Advertisement No- 22/2025-26

Exam Schedule

Sr. No.	Date-11/06/2026			Date-12/06/2026		
	Meeting 1 (09:00A.M.–10:00A.M.)	**Meeting 2 (11:00A.M.–12:00 Noon)**	**Meeting 3 (01:00P.M.–02:00P.M.)**	**Meeting 1 (09:00A.M.–10:00A.M.)**	**Meeting 2 (11:00A.M.–12:00 Noon)**	**Meeting 3 (01:00P.M.–02:00P.M.)**
1	Electronics and Instrumentation Engineering	Biomedical Engineering	Biomedical Science	Biotech Engineering	Law History	Microbiology
2	Biotechnology	Business Administration	-	Agricultural Science	Biochemistry	-
3	Zoology	Pharmacy	-	Banking, Economics and Finance	Mechanical Engineering	-
4	Home Science	Food Tech Engineering	-	Mathematical Science and Computer Applications	-	-
5	Physical Education	Hotel Management and Tourism	-	Physiotherapy	-	-
6	Fine Art	English	-	-	-	-
7	Architecture and Town Planning	Enviromental Science	-	-	-	-
8	Social Work	Botany	-	-	-	-
9	Education (ITEP)	Mass Communication and Journalism	-	-	-	-

04/6/26

Controller of Examinations